Regarding demand for operation of Metro Rail in Uttarakhand

श्री अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर) : सभापति महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे शून्यकाल में अविलंबनीय विषय पर बोलने का अवसर दिया है । देश के कई राज्यों में मैट्रो ट्रेन सेवा संचालित हो रही है । मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को बहुत बधाई देना चाहता हूं । इससे रोजगार, पर्यटन एवं सुगम यातायात में काफी सुविधा मिल रही है ।

महोदया, उत्तराखंड राज्य बने दो दशक से भी ज्यादा समय हो गया है । इसका पूरा तराई क्षेत्र हर बार मैट्रो ट्रेन की डिमांड करता है । मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत काठगोदाम, हल्द्वानी, रामनगर, काशीपुर, जसपुर, बाजपुर, गदरपुर, दिनेशपुर, रूद्रपुर, लाल कुआं, किच्छा, नानकमता, सितारगंज, खटीमा टनकपुर तक मैट्रो लाइन संचालित किया जाना अति आवश्यक है । इसी के साथ हरिद्वार, ऋषिकेश, रूड़की, देहरादून में मैट्रो ट्रेन संचालित किया जाना अति आवश्यक है । आपके माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस दिशा में अति शीघ्र कार्रवाई की जाए ।